



# दुग्ध समृद्धि अभियान के तहत कलमी पहुंचे कलेक्टर

## पशुपालकों से दुग्ध उत्पादन बढाने पर की चर्चा, पशु चिकित्सक एवं एवीएफओ को नोटिस जारी करने के निर्देश

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 5 अक्टूबर।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को दोगुना करने का लक्ष्य पशुपालन विभाग को दिया गया है। इस हेतु 02 अक्टूबर से 09 अक्टूबर तक जिले में दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा द्वारा आज आदिवासी विकासखण्ड कराहल के ग्राम कलमी का भ्रमण कर पशुपालको से दुग्ध उत्पादन पर चर्चा की गई। इस अवसर पर उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ आरके त्यागी, पशु चिकित्सक डॉ नरेन्द्र कुमार मथुरिया, एव्हीएफ्ओ सुनील कुमार आदि उपस्थित रहें।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा ने पशुपालको से चर्चा के दौरान कहा कि पशुपालन विभाग द्वारा चलाये जा रहे नस्ल सुधार कार्यक्रम का लाभ लेते हुए दुग्ध उत्पादन बढायें, उन्होने कहा कि भैसवंशीय पशुओं के साथ गौवंश को भी बढावा दिया जायें। इस अवसर पर पशुपालको को नस्ल सुधार, उचित पोषण एवं पशु स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी गई, साथ ही पशुपालको को नस्ल सुधार कार्यक्रम में निराश्रित सांडो का बधियाकरण, सेक्स सोर्टेड सीमन से कृत्रिम गर्भाधान (बछियाध्पडिया ही पैदा होती है) संतुलित पशु आहार एवं समय समय पर सभी बीमारियों का टीकाकरण करवाने की सलाह प्रदान की गई।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा ने निर्देश दिये कि मनरेगा के तहत पशुपालको को पशुपालन के लिए शैड की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये तथा बैंको से केसीसी दिलाये जायें। उन्होने कहा कि एलडीएम के माध्यम से गांव में शिविर लगाकर केसीसी स्वीकृत किये जायें। उन्होने निर्देश दिये कि अगले 10 दिन तक कलमी गांव में क्षेत्रीय पशु चिकित्सक एवं एव्हीएफ्ओ द्वारा टीकाकरण कैम्प लगाया जायें। पशुओं में लम्पी वायरस एवं खुरपका एवं मुहपका रोग की रोकथाम के लिए टीकाकरण सुनिश्चित किया जायें।

इस दौरान ग्रामीणों द्वारा अवगत कराये जाने पर कि क्षेत्रीय पशु चिकित्सक तथा एव्हीएफ्ओ द्वारा समय पर भ्रमण नही किये जाते है। इस पर पशु चिकित्सक डॉ नरेन्द्र कुमार मथुरिया तथा एव्हीएफ्ओ सुनील कुमार को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिये।

# किसान को प्रदाय किया सुपर सीडर

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 5 अक्टूबर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के नेतृत्व में जिले में पराली प्रबंधन के लिए न केवल सतत् रूप से प्रयास किये जा रहे है, बल्कि ग्रामों में किसान सभाएं कर किसानों को पराली प्रबंधन में उपयोगी कृषि यंत्रों को अनुदान पर खरीदने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी क्रम में अब किसान सुपर सीडर खरीदने में रूचि दिखा रहे है।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रे अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में आज किसान गिर्राज मीणा निवासी गोहेडा को शासन की अनुदान योजना के तहत सुपर सीडर प्रदाय किये गये। उल्लेखनीय है कि शासन की योजना के तहत किसानों को सुपर सीडर खरीदने के लिए 40 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है, सुपर सीडर की कीमत ढाई लाख रूपये के लगभग होती है, जिसमें किसान को 1 लाख 30 हजार रूपये का भुगतान करना होता है, शेष 1 लाख 20 हजार रूपये की सबसिडी डीलर को सरकार की ओर से दी जाती है।



## एक नजर में

### पैसे लेन देन की बात पर मारपीट

**श्योपुर, 5 अक्टूबर।** थाना कोतवाली मारपीट फरि. मुकेश पुत्र रामस्वरूप कुशवाह उम्र 26 साल क्र.15 पक्कड चौराहा ने रिपोर्ट की कि दि. 04.10.25 के 19.00 बजे स्थान महावीर शर्मा की दुकान के सामने पर आरोपी उमेश पुत्र रघुवीर डण्डौतिया नि. वार्ड क्र.15 पक्कड चौराहा श्यो. ने फरि. के साथ आरोपी ने पैसे लेन देन की बात पर से मारपीट की गालिया दी एवं जान से मारने की धमकी दी दि. 04.10.25 के 20.45 बजे अप.क्र. 240/25 धारा 115(2), 296,351(2), वीएनएस कायम कर लिया है।

### खेत मे ट्रेक्टर निकालने की बात पर मारपीट

थाना मानपुर मारपीट फरि. जुगराल माली पुत्र लड्डू लाल उम्र 60 साल नि. वनबाडा ने रिपोर्ट की कि दि.04.10.25 के 12.30 बजे स्थान फरि. का बंधा वाला खेत पर आरोपीगण, धारा सिह हरिवल्लभ, महेश, प्रकाश , विष्णू समस्त जातिगण मीणा ने फरि. के खेत मे टेक्टर निकालने की बात पर माँ बहन की गंदी गंदी गालिया दी मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी दि. 04.10.25 के 18.00 बजे अप.क्र.208/25 धारा 115 (2),296,351 (2),3 (5) वीएनएस कायम कर लिया है

### पुलिस अधीक्षक ने की अपराध समीक्षा बैठक

पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल द्वारा आज दिनांक 05-10-2025 पुलिस कंट्रोल रूम में सभी पुलिस अधिकारियों के साथ अपराध समीक्षा बैठक ली गई ।इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा कानून व्यवस्था में कसावट, अपराध नियंत्रण के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए ।बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार भूरिया सहित सभी अनुविभागीय अधिकारी, समस्त थाना प्रभारी एवं अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रबे ।

### राष्ट्रीय गायन प्रतियोगिता में अंकुश तीसरे स्थान पर

**सीहोर.** राजस्थान में आयोजित राष्ट्रीय भजन गायन महा आयोजन के दौरान सीहोर के गायक अंकुश जैन ने देशभर के गायक युवाओं को गायन प्रतियोगिता में पराजित कर पुरस्कार अर्जित किया है. राष्ट्रीयसंत मुनि पुलक सागर महाराज के सानिध्य में उदयपुर में पुलक आयडियल 3 का आयोजन किया गया था. सीहोर के नेमीचंद जैन के सुपुत्र मनोज जैन के दामाद अंकुश जैन ने गायन में तृतीय स्थान प्राप्त किया है. अंकुश जैन कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा, संत मोहितराम पाठक आयोजनों में अपनी प्रस्तुति देकर हजारों लाखों श्रद्धालुओ का मन मोह चुके हैं. पुलक आयडियल 3 में देश के 41 गायकों के मध्य अंकुश जैन ने अपनी गायकी का प्रदर्शन किया. इस मौके जन प्रतिनिधियों समाजसेवियों, समाज के युवाओं आदि ने अंकुश को बधाई दी.

### स्वयंसेवकों ने पथ संचलन के साथ किया पौधारोपण

**बुधनी.** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा खंड होलीपुरा स्थित महर्षि आश्रम में एक सभा का आयोजन किया गया. ग्राम होलीपुरा में स्वयं सेवकों द्वारा पथ संचलन भी निकाला गया. इस दौरान आरएसएस खंड होलीपुरा द्वारा संघ की शताब्दी वर्ष की तैयारी के अंतर्गत किए गए कार्यों और उसकी विचारधारा पर प्रकाश डाला गया. साथ ही पौधारोपण किया. इस मौके पर नीरज त्रिपाठी भैरूंदा, दिलीप माहेश्वरी निन्नोर, खंड प्रचारक आशीष, सुरेश राठौर, राकेश कीर, हरिसिंह, अजय पटेल, जसवंत पटेल सहित बड़ी सं या में स्वयंसेवक उपस्थित थे. कार्यक्रम की अध्यक्षता महर्षि आश्रम प्रबंधक अशोक खरे ने की. उन्होंने सभी पदाधिकारियों और स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया.

### देथलिया बने चंद्रवंशी क्षत्रिय खाती समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष

**आष्टा.** अखिल भारतीय चंद्रवंशी क्षत्रिय खाती समाज की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के अध्यक्ष का चुनाव में लीलाधर देथलिया को विजय प्राप्त हुई. श्री देथलिया को बधाई देने वालों में राष्ट्रीय अध्यक्ष राधेश्याम बागवाला, राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, विधायक मनोज चौधरी, गिरीराज मंडलोई, जीतू जिराती, शैलेन्द्र पटेल, कुणाल चौधरी, बीएस वर्मा, पवन चौधरी, करणसिंह सेठी, लक्ष्मीनारायन वर्मा, महेन्द्र पटेल, बनपसिंह पटेल, रमेश पटेल, बलराम पटेल, महेश जलोदिया, विष्णु जलोदिया, मंगलसिंह ठाकुर, करणसिंह वर्मा पहलवान, प्रवेश वर्मा, रमेश पटेल, कैलाश पटेल, ओमप्रकाश परसावदिया, डॉ अजय पटेल, प्रेमनारायन बागवाला, सरदार पहलवान, माखन पटवारी, प्रकाश मुनीम, तेजसिंह जावरिया, शिवनारायण, राजेन्द्र वर्मा, लालसिंह, मदनलाल, ब्रजेश पटेल, प्रवेश वर्मा, डीपी वर्मा, डॉ, रतनसिंह, मनोहर लाल वर्मा, भूपेश जामलिया, घनश्याम पटेल, अनारसिंह वर्मा, सतीश सोनानिया आदि शामिल हैं.

### दिव्यांग छात्रा नेहा राज्य स्तर के लिए चयनित

**सीहोर.** निरंतर प्रयास, आत्मविश्वास और सही मार्गदर्शन समय पर मिले तो दिव्यांगता भी किसी सफलता में आड़े नहीं आती. एक बार फिर नेहा ने साबित कर दिया. भोपाल में आयोजित संभाग स्तरीय बाल रंग प्रतियोगिता में नेहा ने एकल अभिनय, एक पेड़ मां के नाम और सुलेख लेखन में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया है. नेहा के परिवार वालों का मानना है कि ज्योति त्यागी द्वारा नेहा की योग्यता को तराशा गया. नेहा की इस उपलब्धि पर शिक्षिका ज्योति त्यागी, संस्था प्राचार्य आरडी. सोलंकी, राजेश कसोटिया, जितेंद्र बड़ोदिया, रितेश राठौर, पूजा गांधी, अंजू दोग्ने मुकेश सिसोदिया, अरुण व्यास, प्रमोद खत्री, भैरव सिंह ने शुभकामनाएं दीं.

### सड़क एवं सामाजिक सुरक्षा के किए जा रहे प्रयास

**सीहोर.** डीबीसीपीएल फोर लेन सीएसआर प्रशासन के साथ मिल कर समाज को सड़क दुर्घटना से बचाने के लिए वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा तथा यातायात नियम पालन करने के लिए जागरूक कर रही है. डीबीसीपीएलसी एसआर प्रवक्ता ने बताया कि आज डीबीसीपीएल प्रशासन द्वारा सड़क सुरक्षा अभियान के तहत वाहनों के पीछे रेडियम स्टीकर लगाते हुए यातायात नियम पर्चे, स्टीकर एवं सुरक्षा बैचेज वितरित किए जा रहे हैं. वाहन चालकों से यातायात नियम पालन की शपथ लेने के साथ यातायात नियम पालन करने वाले वाहन चालकों को फूल दे कर सम्मानित किया जा रहा है.

## इलाज के दौरान युवक की मौत

**श्योपुर, 5 अक्टूबर।** सडक दुर्घटना में मृत्यु सूचनाकर्ता गोपाल पुत्र मांगीलाल शर्मा (वार्ड वोय जिला अस्पताल श्यो. ) ने रिपोर्ट की कि दि. 04.10.25 के 08.00 बजे स्थान चकबमूलिया के पास ढाबा के पास मृतक आयुष पुत्र जगदीश भील उम्र 07 साल नि. हीरापुरा की मृत्यु एक्सीडेन्ट में आयी चोटों से दौराने इलाज हो गयी दि. 04.10.25 के 16.56 बजे मर्ग क्र. 33/25 धारा 194 वीएनएस कायम कर लिया है।

# कमिश्नर-कलेक्टर कॉन्फ्रेंस 7 और 8 अक्टूबर को

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 5 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में 7 एवं 8 अक्टूबर 2025 को कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर भोपाल में होने

**कॉन्फ्रेंस के दिशा निर्देश जारी**

वाली कमिश्नर-कलेक्टर कॉन्फ्रेंस संबंधी दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। विषय संयोजक को प्रस्तुति के लिए अधिकतम 20 मिनट मिलेंगे और प्रत्येक क्षेत्र में राज्य सरकार की प्राथमिकताएं बतायी जायेंगी। राज्य सरकार के विजन के अनुरूप केन्द्र और राज्य सरकार की क्षेत्रीय प्रमुख योजनाओं और कार्यक्रमों में सर्वश्रेष्ठ 5 और कमजोर 5 जिलों की समीक्षा की जायेगी। कांन्फ्रेंस में कलेक्टरों के सुझावों पर ध्यान केन्द्रित कर आने वाली विशिष्ट समस्याएं और मुद्दे तथा जिला स्तर पर उस क्षेत्र के साथ अन्य किसी क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए नवाचार पर चर्चा की जायेगी।

मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री कार्यालय और योजना विभाग चुनिंदा कार्यक्रमों की समीक्षा करेंगे। स्थानीय संसाधनों के बेहतर उपयोग और नवाचार तथा जिला, ब्लॉक और पंचायत स्तर पर सार्वजनिक संवाद (जन संवाद) वीसी के माध्यम से इच्छित परिणाम प्राप्ति पर चर्चा होगी। जिला, ब्लॉक और ग्राम स्तर पर रोजगार सृजन, लोगों के लिए सरकारी कल्याणकारी योजनाओं तक आसान पहुंच और पहलों के बारे में जागरूकता पर चर्चा होगी। सभी 8 सेक्टरों के लिए 75 मिनट का सत्र समय रखा गया है।

कांफ्रेंस का उदघाटन सत्र 7 अक्टूबर की सुबह 10 बजे से 10रू30 बजे तक सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा परिचय, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और मुख्य सचिव अनुराग जैन के संबोधन से होगा। सत्र में संयोजक कृषि उत्पादन आयुक्त, सदस्य कृषि बागवानी पशु चिकित्साध्सहकारी द्वारा कलेक्टर्स के बीच कृषि एवं संबद्ध विषयों पर चर्चा की जायेगी। दूसरे सत्र में प्रमुख सचिव, स्वास्थ्य सदस्य सचिव डब्ल्यूपीसी, निदेशक एनएचएम कलेक्टर्स के बीच स्वास्थ्य एवं पोषण पर चर्चा केन्द्रित होगी। तीसरे सत्र में प्रमुख सचिव उद्योग, प्रमुख सचिव तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास, वित्त विभाग द्वारा कलेक्टर्स के बीच रोजगार, उद्योग और निवेश चर्चा पर रहेगा।

चौथे सत्र में संयोजक अपर मुख्य सचिव-शहरी द्वारा शहरी विषयों पर चर्चा होगी और पांचवे सत्र के दौरान संयोजक अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन, अपर मुख्य सचिव वित्तध् प्रमुख सचिव राजस्वध्विधि द्वारा सुशासन पर चर्चा होगी।

कॉन्फ्रेंस में 8 अक्टूबर की गतिविधियों के अंतर्गत सुबह 9रू30 से 10रू15 बजे तक मुख्य सचिव अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री, आयुक्त जनसंपर्क द्वारा अपेक्षाओं के साथ विविध चर्चाएँ की जायेंगी।

कॉन्फ्रेंस के छठवें सत्र में संयोजक प्रमुख सचिव-स्कूल शिक्षा, प्रमुख सचिव जनजाति कार्य चर्चा करेंगे। सातवें सत्र में प्रमुख सचिव पीएचईध्प्रमुख सचिव जनजाति कलेक्टर्स के बीच रिसर्च और विकास एवं जनजातीय गतिविधियों पर चर्चा करेंगे। आठवें सत्र में नियम और कानून पर चर्चा होगी।

# 38 लाख मत्स्य बीज का उत्पादन, दो हजार मत्स्यपालक जुड़े हैं मछली पालन से

**कराहल स्थित ब्रीडिंग केन्द्र में होता है मत्स्य बीज का उत्पादन, जिले में 1700 हेक्टयर वाटर एरिया में हो रहा मछली पालन**

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 5 अक्टूबर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में शासन की मंशा के अनुरूप जिले में मत्स्यपालन को बढावा दिया जा रहा है तथा शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान करते हुए मत्स्यपालको को लाभान्वित करने का कार्य किया जा रहा है।






आदिवासी विकासखण्ड मुख्यालय कराहल स्थित शासकीय मत्स्य बीज प्रक्षेत्र कराहल मछली बीज के ब्रीडिंग केन्द्र के रूप में मत्स्यबीज का उत्पादन कर रहा है। अभी तक 38 लाख मत्स्य बीज का उत्पादन कर मत्स्यपालको को शासन की योजना के अनुरूप प्रदाय किया जा चुका है। मत्स्य बीज प्रक्षेत्र कराहल लगभग 14.87 हेक्टयर एरिया में स्थापित है, जहां पर मत्स्य बीज उत्पादन होता है। इस केन्द्र पर न केवल हेचरी बल्कि तीन ब्रीडर पॉन्ड भी बने हुए है, इसके अलावा 52 नर्सरी पॉन्ड है। प्रयोगशाला की सुविधा भी इस केन्द्र पर उपलब्ध है। इन सब सुविधाओं एवं व्यवस्थाओ के माध्यम से व्यापक स्तर पर मछली बीज का उत्पादन कर मत्स्य कृषको को प्रदाय किया जाता है।

सहायक संचालक मत्स्यपालन बीपी झसिया ने बताया कि श्योपुर जिले में मत्स्यपालन को निरंतर बढाया जा रहा है तथा शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत मत्स्य पालन से जुडे लोगों को लाभ प्रदान किया जा रहा है। वर्तमान में जिले में 1700 हेक्टयर का वाटर एरिया है, जहां मत्स्यपालन हो रहा है। वे बताते है कि अभी तक लगभग 250 मैट्रिक टन मत्स्य उत्पादन सितंबर माह तक हो चुका है, चूकि सितंबर तक प्रारंभिक चरण था, इसके बाद अब मत्स्य उत्पादन में लगातार वृद्धि होगी।

उन्होने बताया कि जिले में 89 समूह है जो मछली पालन से जुडे हुए है और उन्हें पट्टे पर तालाब प्रदान किये गये है, 10 सोसायटियां भी है जो मत्स्यपालन से जुडी हुई है। इसके अलावा शासन की अनुदान योजना के तहत निजी तौर पर भी मत्स्यपालन किया जा रहा है। पीएम मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत जिले में लगभग 40 मत्स्य कृषको द्वारा मछली उत्पादन का कार्य किया जा रहा है। 7 मत्स्य कृषको के यहां बायोफ्लैक पद्धति से मछली पालन की शुरूआत की गई है, जिसमें एक हितग्राही के यहां 50 टेंक का बायोफ्लैक है, वही 6 हितग्राहियों के यहां 7-7 टेंक के बायोफ्लैक लगाये गये है। श्योपुर जिले में लगभग 2 हजार मत्स्यपालक है, जो मछली पालन से सीधे रूप में जुडे हुए है।

# कुल्हाड़ी से हमला कर पत्नी की नृशंस हत्या

**नवभारत न्यूज**
**सीहोर/ रेहटी 5 अक्टूबर.** जिले के रेहटी थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम भूरी टेक में अल सुबह एक व्यक्ति ने कुल्हाड़ी मारकर अपनी पत्नी की नृशंस हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया. घटना के वक्त उसके बच्चे दूसरे कमरे में सो रहे थे. नींद खुलने के बाद उन्हें घटना का पता चला. पुलिस को सूचित किया गया. पुलिस ने महिला के शव को पीएम के लिए भेजते हुए आरोपी पति की तलाश प्रारंभ कर दी है.

जानकारी के अनुसार रेहटी थाना क्षेत्र के ग्राम भूरी टेक में रविवार की सुबह 6.30 बजे जब गांववासी अपने घरों में गहरी नींद में डूबे थे तब गांव का ही 40 वर्षीय एक व्यक्ति देवलाल बारेला अपनी 35 वर्षीय पत्नी बसंती बाई पर कुल्हाड़ी के वार कर उसकी नृशंस हत्या को अंजाम दे रहा था. घटना के वक्त उनके तीनों बच्चे बाजू के कमरों में सो रहे थे. बताया जाता है कि पति- पत्नी में रात को या अल सुबह किसी बात को लेकर विवाद हुआ था. विवाद इतना अधिक बढ़ गया कि उसने कमरे में रखी धारदार कुल्हाड़ी से हमला करअपनी जीवनसंगिनी बसंतीबाई को मौत के घाट उतार दिया. घटना को अंजाम देने के बाद देवलाल मौके से फरार हो गया. सुबह जब बच्चों ने अपनी मां को रक्तरंजित देखा तो परिवार के अन्य सदस्यों को सूचित किया. कुछ ही देर में हत्याकांड की खबर पूरे गांव में फैल गई. इस बीच रेहटी थाना पुलिस को सूचना दी गई. एसडीओपी रवि शर्मा एवं थाना प्रभारी राजेश कहारे मौके पर पहुंचे और मुआयना करने के बाद शव को पीएम के लिए रेहटी अस्पताल भेजा. थाना प्रभारी राजेश कहारे ने बताया कि आरोपी पति देवलाल बारेला की तलाश के लिए चार टीमों का गठन किया गया है. यह टीमें सभी संभावित स्थानों पर दबिश डालकर आरोपी को पकड़ने का प्रयास कर रही हैं. थाना प्रभारी राजेश कहारे ने बताया कि शीघ्र ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा. उसके बाद ही पता चलेगा कि आखिर किस बात पर आरोपी देवलाल बारेला ने अपनी पत्नी बसंती बाई को मौत के घाट उतारा है. फिलहाल तो पुलिस सरगर्मी से उसकी तलाश में जुटी है. इस घटना से गांव में सनसनी का माहौल बना हुआ है.

## स्पोर्ट्स क्लब के सदस्यों ने किया रक्तदान

**नवभारत न्यूज**
**सीहोर 5 अक्टूबर.** चर्च मैदान पर रेडक्रॉस सोसायटी एवं सिटी स्पोर्ट्स क्लब के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया. जिसमें 35 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया. यह शिविर थैलीसीमिया पीड़ित रोगियों की सहायता हेतु आयोजित किया गया था.

शिविर में विधायक सुदेश राय, समाजसेवी अखिलेश राय एवं नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर, जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती, टीआई रविन्द्र यादव उपस्थित थे. अतिथियों ने रक्तदाताओं को कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा मानव धर्म है, जिससे किसी ज़रूरतमंद की जान बचाई जा सकती है. इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव विपुल चांडक ने सिटी स्पोर्ट्स क्लब के अध्यक्ष अजय अग्रवाल, सदस्यों एवं रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया. कार्यक्रम में वरिष्ठ सर्जन डॉ. एए कुरैशी, अजय अग्रवाल, दीपक शर्मा, अनिल राय, सौरभ झवर, भारत वारिया, भारत गुप्ता, अक्षत कासट, शैलेन्द्र राय, नितिन सोनी, प्रमोद राय, अभिषेक जैन, विक्रांत सोनी, राकेश गुप्ता एवं दिग्विजय सिंह मोनू का विशेष सहयोग रहा.

## हर खेत तक पानी पहुंचाने हम कृत संकल्पित : वर्मा

**इछावर 05 अक्टूबर.** राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा ने ग्राम डोडी में स्टॉप डैम का लोकार्पण किया. इस स्टॉप डैम की स्वीकृत लागत 30.75 लाख रुपए और अनुबंधित लागत 20.74 लाख रुपए है. कार्यक्रम में राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में देश और प्रदेश में विकास एवं निर्माण के कार्य हो रहे हैं.

उन्होंने कहा कि सरकार का यह प्रयास है कि ग्रामीण अंचलों का सर्वांगीण विकास और जल, जमीन और आमजन से जुड़ी सभी मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति हो. राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि जल संरक्षण आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है. उन्होंने कहा कि यह बैराज केवल एक निर्माण कार्य नहीं है, बल्कि यह गांव के भविष्य को सुरक्षित करने वाला कदम है. इस डैम के निर्माण से आसपास के खेतों को सिंचाई के लिए पानी मिलेगा. इसके साथ ही भूजल स्तर में भी वृद्धि होगी.

# समय पर पता चले तो कैंसर का इलाज सम्भव

**नवभारत न्यूज**
**सीहोर 5 अक्टूबर.** कैंसर का शुरू में पता लगाने से बीमारी से निजात संभव है. जल्दी पता चलने से उपचार की संभावना बढ़ जाती है. कैंसर का इलाज देर से होने पर उपचार से जुड़ी समस्याएं बढ़ जाती हैं और देखभाल की लागत भी ज्यादा होती है.

उक्त विचार रोटरी एवं इनर व्हील क्लब के तत्वाधान में जारी दो दिवसीय कैंसर शिविर के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. अभिजीत देशमुख ने कहे. विशेष अतिथि समाजसेवी अरुणा राय सहित अन्य मौजूद थे. रोटरी क्लब के अध्यक्ष मधुर विजयवर्गीय ने बताया कि रोटरी एवं इनरव्हील क्लब के तत्वाधान में कैंसर शिविर का समापन अरविन्दो अस्पताल के सहयोग से किया गया. शिविर में सैकड़ों की संख्या में लोगों ने हजारों रुपए की जांच निशुल्क कराई. इसमें आठ से अधिक संदिग्ध मरीज मिले जिनको टेस्ट आदि के लिए यहां पर मौजूद डॉक्टरों ने सलाह दी है. डॉ. पुष्पा कन्नोजिया ने कहा कि कैंसर से बचने के लिए वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, अगर आपका काम ऐसा है कि आप काम के दौरान हानिकर रसायनों के संपर्क में आते हैं तो कैंसर की संभावना बढ़ती है. शिविर में डॉ सुनीता सिसोदिया, डॉ मालती आर्य, डॉ ऋचा आर्य, डॉ श्रेष्ठा सक्सेना, डॉ पुष्पा कनौजिया का स्वागत किया. कार्यक्रम में रोटरी सदस्य हिमांशु मिस्त्री, रघुनंद निगोदिया,डॉ एसआर गट्टाणी, जॉली कुरियन, पंकज जैन, अ बर गुप्ता, विजय शर्मा, नवनीत ठकराल, कमर अहमद सिद्दीकी, इनर व्हील सदस्या नवनीत श्रीवास्तव, सीमा व्यास, मालती अग्रवाल, नीति ठकराल, कांता गट्टानी उपस्थित थे.